# उपलब्धियाँ

## (Achievement of Organisation)

भारत में स्काउटिंग और गाइडिंग विविधताओं का दर्पण है । यह आदर्श और निस्वार्थ सेवा का परिचायक है । भारत में 1909 से बालकों के लिये एवं उसके दो वर्ष पश्चात बालिकाओं के लिये स्काउटटिंग–गाइडिंग की शुरूआत हुई भाई चारा और राष्ट्रीय नैतिकता इस संगठन की प्रमुख विशेषता है।

आंदोलन की शुरूआत में इसके मात्रा 502 सदस्य थे, लेकिन आज लगभग 2.6 मिलियन है। जिसमें 1.65 मिलियन स्काउट एवं 0.95 मिलियन गाइड पूरे विश्व में फैले है और विश्व बंधुत्व और शांति का अलख जगा रहे हैं ।

इसकी 43 स्काउट/गाइड राज्य शाखायें हैं, यह संख्यात्मक एवं गुणात्मक दृष्टि से बढ़ते क्रम का संगठन है । इसका राष्ट्रीय मुख्यालय नई दिल्ली में है ।

**प्रशिक्षण कार्यक्रमः–**

स्काउटिंग/गाइडिंग एक शैक्षणिक संगठन है जो विभिन्न आयु वर्ग के लोगों के लिये प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करता है जिससे स्काउट/गाइड में स्त्राोतवान, आत्मनिर्भरता, दूसरों के प्रति सहायता का भाव निर्मित होता है । साथ ही उसमें छुपी प्रतिभा, कौशल को दिखाने का अवसर पाते हैं । उनमें उत्सुकता और कुछ करने की इच्दा जागृत होती है ।

इस प्रशिक्षण से उनमें दायित्व बोध, नेतृत्व, कलाओं का विकास भारत स्काउट–गाइड संगठन, कार्यक्रम और प्रबंधन की तकनीकी गुणों का विकास होता है ।

वयस्क लीडर के प्रशिक्षण और वयस्कों के लीडर के प्रशिक्षण राष्ट्रीय प्रशिक्षण केन्द्र पचमढ़ी, नेशनल केमपिंग काम्पलेक्स नोयडा एवं नेशनल यूथ काम्पलेक्स गतपुरी में किये जाते हैं ।

यह प्रशिक्षण टोली/दलों/गाइड कम्पनीज/ग्रुपों में विचार विमर्श, शिविर के दौरान कलाओं का प्रदर्शन, और सामुदायिक विकास कार्यक्रमों में उनकी प्रतिभागीता के तहत दिया जाता है ।

इसके लिये विभिन्न स्तर पर शिविरों, यात्राायें अध्ययन यात्रााएें कब बुलबुल उत्सव, रोवर–रेंजर समागम, रैलियाँ राष्ट्रीय एकता शिविर, राष्ट्रीय जम्बूरी, सम्मेलन आदि आयोजित किये जाते हैं, जिससे विचारों का आदान–प्रदान और करके सीखने के अवसर दिये जाते हैं । इसी के साथ एयर स्काउटिंग, समुद्री स्काउटिंग–गाइडिंग, ग्रामीण रोवर–रेंजर और रेडियो स्काउटिंग के प्रशिक्षण भी दिये जा रहे हैं ।

**साहसिक गतिविधियाँः–**

भारत स्काउट एवं गाइड देश के युवाओं में साहसिक भावनाओं को बढ़ावा देने के लिये प्रतिबद्ध है है जिसके लिये 1992 से सतपुड़ा पर्वत श्रृंखलाओं (मध्यप्रदेश) में नेशनल एडवेंचर संस्थान जो राष्ट्रीय प्रशिक्षण केन्द्र पचमढ़ी में स्थित है जो "ट्रेकर्स का स्वर्ग" है । संस्थान के माध्यम से प्रतिवर्ष बरसात के दिनों को छोड़कर दस दिवसीय एडवेंचर कार्यक्रम लगातार आयोजित किये जाते हैं, जिसमें 14 से 35 वर्ष के युवा भाग ले सकते हैं । इस साहसिक कार्यक्रम के अंर्तगत ट्रेकिंग (पदयात्राा), रात्रि स्काउटिंग, नक्षत्रा ज्ञान, सीमित साधनों से भोजन बनाना, पुल निर्माण, शेल्टर बनाना, पर्वतारोहण, शिलारोहण, बाधाओं को पार करना, रास्ता ढूढंना और भी अनेक साहसिक गतिविधियाँ करने का अवसर दिया जाता है । इसके साथ आस–पास के दर्शनीय स्थलों का भ्रमण शमिल किया जाता है ।

सामुदायिक विकास योजनाः–

भारत स्काउट एवं गाइड संगठन के सदस्य पूरे वर्ष वर्ष विभिन्न स्तरों पर सामुदायिक योजना के अर्न्तगत कल्याणकारी कार्यक्रमों के माध्यम से सतत जुड़े रहते हैं ।

Document Produced by deskPDF Unregistered :: http://www.docudesk.com

स्वास्थय:–

– स्वच्छता उन्नयन ।
– बच्चों का स्वास्थ्य ओर टीकाकरण ।
– औ. आर.टी. कार्यक्रम ।
– स्वच्छता अभियान ।
– कुष्ठ निवारण और चेतना अभियान ।
– एड्स चेतना ।
– नशीले पदार्थो के विरूद्ध अभियान ।
– रक्तदान ।
– पल्स पोलियो टीकाकरण ।

विश्व बन्धुता/बहनत्व के लिये:–

– राष्ट्रीय सद्भावना।
– अहिंसा।
– अर्न्तराष्ट्रीय कार्यक्रमों में भागीदारी।
– शैक्षणिक/अध्ययन यात्राएँ ।
– पारिवारिक जीवन और पारिवारिक जीवन शिक्षा समझना ।

शिक्षा का विकास:

– प्रौढ़ शिक्षा ।
– पर्यावरण शिक्षा ।
– संरक्षण अभियान एवं वृक्षारोपण
– व्यावसायिक प्रशिक्षण एवं युवाओं के लिये रोजगार
– आपदा/आकस्मिक घटनाओं/दुर्घटनाओं में मदद करना ।
– मेला, उत्सव, बस स्टेण्ड/रेल्वे स्टेशन पर सेवाकार्य ।
– प्राकृतिक विपदाओं में सहायता कार्य ।

**भारत स्काउट–गाइड संगठन की विश्व स्काउट–गाइड में स्थिति :–**

भारत स्काउट एवं गाइड संख्यात्मक दृष्टि से विश्व में तीसरे स्थान पर गाइडिंग में और चौथे स्थान पर स्काउटिंग में है । भारत स्काउट गाइड, स्काउट आंदोलन के विश्व संगठन (डब्ल्यू. चौथे स्थान पर स्काउटिंग में है । भारत स्काउट गाइड, स्काउट आंदोलन के विश्व संगठन (डब्ल्यू.ओ.एस.एम.) एवं गर्ल गाइड एवं गर्ल स्काउट के विश्व संघ से सम्बद्ध है ।

भारत स्काउट एवं गाइड के प्रतिनिधि प्रतिवर्ष अर्न्तराष्ट्रीय कान्फ्रेंस अर्न्तराष्ट्रीय जम्बुरी में सम्मिलित होते हैं । उसे अनेक अर्न्तराष्ट्रीय पुरस्कारों से भी नवाजा गया है । जिसमें "1987" की अतिप्रतिष्ठा पूर्ण "पीस मेसेन्जर अवार्ड" जो यू.एन.महासचिव द्वारा प्रदान किया गया था, एवं 1988 में आई.वाय.एस.एच. (इन्टरनेशलनल ईयर ऑफ दी शेल्टर फॉर होमलेस) अवार्ड शामिल है।

इसी प्रकार भारत स्काउट एवं गाइड एशिया पेसेफिक रीजन स्काउट संगठन का सक्रिय सदस्य है । इसके अर्न्तगत अनेक अर्न्तराष्ट्रीय कार्यक्रमों का आयोजन भारत में हो चुका है । जैसे 1987 में एशिया पेसेफिक रीजन जम्बूरी हैदराबाद 1997 में एशिया पेसेफिक रीजन गाइड समिति की बैठक नई दिल्ली में सम्पन्न हुई ।

गर्ल गाइड गर्ल स्काउट के विश्व संघ के चार प्रशिक्षण केन्द्रों में से एक विश्व प्रशिक्षण केन्द्र भारत के पूना(महाराष्ट्र) में स्थित होना हमारे लिये बड़ी उपलब्धि है । इसी के साथ हमने अन्तर्राष्ट्रीय स्तर के अनेक स्काउटिंग/गाइडिंग के कार्यक्रमों का आयोजन एवं उसमें भागीदारी दी है । 1998 में ए.पी.आर. एडल्ट रिसोर्स मेनेजमेंट सेमीनार का आयोजन राष्ट्रीय मुख्यालय दिल्ली में हो चुका है, और अब हम 2001 में 20 वी ए.पी.आर. स्काउट का कान्फ्रेंस का भारत में होने वाले आयोजन में स्वागत के लिये आतुर हैं ।

Document Produced by deskPDF Unregistered :: http://www.docudesk.com

राष्ट्रपति अवार्डः—

स्काउटिंग/गाइडिंग उत्कृष्ठता के लिये प्रेरित करता है स्काउट—गाइड अपनी व्यक्तिगत प्रगति स्काउट—गाइड कलाओं के माध्यम से करते हैं । जिसे विभिन्न बैजेस प्रदान कर मान्यता दी जाती है । उनके द्वारा उल्लेखनीय कार्य करने पर उन्हें राष्ट्रपति स्काउट/गाइड/रोवर/रेंजर अवार्ड से भारत के महामहिम राष्ट्रपति,जो की संस्था मुख्य संरक्षक है प्रदान करते हैं ।

इसी प्रकार प्रति वर्ष स्काउटिंग—गाइडिंग के वरिष्ठ लीडर को सिल्वर स्टार "बार टूँ सिल्वर स्टार" सिल्वर एलिफेंट अवार्ड, एवं गेलेन्ट्री अवार्ड के लिये चुना जाता है और भारत के महामहिम राष्ट्रपति द्वारा स्काउट—गाइड रैली के दौरान प्रदान किये जाते हैं ।

प्रधानमंत्री शील्ड प्रतियोगिता एवं उपराष्ट्रपति अवार्ड प्रतियोगिताः—

ऐसे स्काउट—गाइड दल जो वर्ष भर तक सामुदायिक विकास गतिविधियों में सलग्न रहते हैं, जिनका मूल्यांकर राज्य स्तर पर किया जाता है, उन्हें राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता देते हुये प्रधानमंत्राी शील्ड एवं प्रमाणपत्रा प्रदान किया जाता है ।

इसी प्रकार रोवर—रेंजर दलों को समुदाय के विकास की योजना को आगे बढ़ाने के लिये, जुड़ने हेतु प्रेरित करने के लिये राज्य स्तर पर चुने एवं जीते हुये दलों को प्रतिवर्ष भारत के उप राष्ट्रपति जो कि हमारे संरक्षक भी है । उप राष्ट्रपति अवार्ड प्रतियोगिता के पुरस्कार से सम्मानित करते हैं । इमेज एवं विजिबिल्टी :—

संगठन के प्रचार—प्रसार हेतु इसका अपना स्वयं का जनसम्पर्क विभाग विभिन्न माध्यमों से प्रचार—प्रसार करता है एवं समय—समय पर प्रदर्शनी, प्रेस वार्ता दूरदर्शन, रेडियो आदि पर वार्तालाप एवं प्रेस न्यूज, चित्रा उपलब्ध कराता है ।

भारत स्काउट एवं गाइड मासिक पत्रिाका प्रकाशित करता है जिसमें राज्य, राष्ट्रीय एवं अर्न्तरष्ट्रीय स्तर की सूचनायें, कार्यक्रम गतिविधि की जानकारी होती है ।

सप्लाई सर्विसः—

स्काउटिंग/गाइडिंग से सम्बन्धित हेण्ड आउट्स एवं अन्य साहित्य, यूनिफार्म और उससे सम्बन्धित सामग्री के साथ उपकरण, प्रतीक चिन्ह, स्मृति चिन्ह, बैजेस आदि प्रदाय करने के लिये स्काउट शाप भी संचालित की जाती है ।

Document Produced by deskPDF Unregistered :: http://www.docudesk.com